गोगा जी तेरे जैसा कोई द्वार नहीं है | By Anju Nagar

तेरे जैसा गोगा जी कोई द्वार नहीं है
तेरे जैसा कोई चमत्कार नहीं है

तेरे दर पे जो आते हैं
झोलियाँ भर के जाते हैं
बाँझ की गोद भरते हो
भला दुनिया का करते हो
सबसे प्यारा है तू , सबसे न्यारा है तू
बेसहारो का गोगा सहारा है तू
तेरे जैसा कोई करतार नहीं है
तेरे जैसा कोई चमत्कार नहीं है
तेरे जैसा गोगा जी कोई द्वार नहीं है
तेरे जैसा कोई चमत्कार नहीं है

जिसको तुमने बुलाया है
वो ही मेडी पे आया है
तेरी लीला ही न्यारी है
कृपा सब पे तुम्हारी है
सबका स्वामी है तू, अन्तर्यामी है तू
सारी दुनिया में तो बड़ा नामी है तू
तेरे जैसी सच्ची सरकार नहीं है
तेरे जैसा कोई चमत्कार नहीं है
तेरे जैसा गोगा जी कोई द्वार नहीं है
तेरे जैसा कोई चमत्कार नहीं है

जो भी आता सवाली है
कोई जाता ना खाली है
सारी दुनिया दीवानी है
ये तेरी मेहरबानी है
बनकारी है तू, हितकारी है तू
जाहरवीर पदम् नाग अवतारी है तू
कोई वीर तेरे जैसा दमदार नहीं है
तेरे जैसा कोई चमत्कार नहीं है
तेरे जैसा गोगा जी कोई द्वार नहीं है
तेरे जैसा कोई चमत्कार नहीं है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%97%e0%a5%8b%e0%a4%97%e0%a4%be-%e0%a4%9c%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%9c%e0%a5%88%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%8b%e0%a4%88-%e0%a4%a6%e0%a5%8d%e0%a4%b5%e0%a4%be/